

मैं किस दर्द से गुजरा हूं ये कोई नहीं समझ सकता। मेरा एक पांव पूरी तरह से चलना बंद हो गया था, मुझे एक पांव में लकवा मार गया था। मेरी स्पाइन की सर्जरी हुई थी और मेरी कमर पर एक रॉड डाली गई थी, वो एक बहुत ही दर्दनाक और खतरनाक अनुभव था। - श्रेयस अय्यर

भारतीय खिलाड़ी, अपने चोट को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



### लुइस सुआरेज

इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। सुआरेज़, जिन्हें पहले काटने और नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए निलंबन का सामना करना पड़ा था, ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी और अपने कृत्य को हताशा से उपजी एक "गलती" बताया। उन्होंने लिखा, "यह वह छवि नहीं है जो मैं अपने परिवार या अपने क्लब के सामने पेश करना चाहता हूँ।"

**क्या आप जानते हैं ?...** टीम इंडिया ने एशिया कप इतिहास में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 10 मैच जीते हैं। भारत को टूर्नामेंट में पाकिस्तान के विरुद्ध 6 बार हार का सामना करना पड़ा।

# खिलाड़ियों की इमेज राइट्स को लेकर आईसीसी और डब्ल्यूसीए के बीच हो सकता है टकराव

नई दिल्ली, 9 सितंबर। आईसीसी और वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के बीच खिलाड़ियों की इमेज लाइसेंसिंग राइट्स लेकर विवाद शुरू हो सकता है। पूरा मामला एक नए मोबाइल क्रिकेट गेम से जुड़ा है जिसे आईसीसी जल्द लॉन्च करने की योजना बना रहा है। आईसीसी ने अप्रैल में पहली बार इस योजना के बारे में अपने सदस्यों को जानकारी दी थी। इसके बाद जुलाई में सिंगापुर में हुई एजीएम में कुछ सदस्य बोर्डों ने यह इच्छा जताई कि वे इन अधिकारों के मामले में सीधे अपने खिलाड़ियों से बात करना चाहते हैं।

डब्ल्यूसीए खिलाड़ियों का वैश्विक संगठन है और वे इसे एक "उल्लंघन" बता रहा है। यह उस समझौते के संदर्भ में है,जो उसने आईसीसी के साथ किया था। उन्होंने आईसीसी और "कुछ" सदस्य बोर्डों पर खिलाड़ियों के नाम, छवि और समानता के अधिकार सहमति से तय शर्तों से परे अपने पास रखने का आरोप लगाया है।

आईसीसी की यह योजना खेल को विकसित करने के लिए है ताकि 2028-2031 चक्र में प्रसारण अधिकारों की क़ीमत में संभावित गिरावट की भरपाई हो सके। भारत में मोबाइल गेमिंग एक तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है। 2024 में कई रिपोर्ट्स ने इसकी क़ीमत लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर आंकी थी। इसी वजह से आईसीसी इसमें उतरना चाहता है।

डब्ल्यूसीए पहले ही इस क्षेत्र में आ चुका है और उसने तीन कंपनियों के साथ लाइसेंसिंग समझौते किए हैं, जिनमें रियल क्रिकेट भी शामिल है। यह सौदा अगस्त 2024 में घोषित किया गया था। डब्ल्यूसीए का रियल क्रिकेट के साथ समझौता 250 से अधिक पेशेवर क्रिकेटरों के नाम, छवि और समानता को शामिल करेगा।

लेकिन अन्य मोबाइल गेमिंग समझौतों से खिलाड़ियों को मिलने वाली सालाना रॉयल्टी की भुगतान प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। डब्ल्यूसीए का दावा है कि भारत में कई कंपनियां खिलाड़ियों के अधिकारों का इस्तेमाल बिना अनुमति और बिना उन्हें राजस्व दिए कर रही हैं और इन्हीं राजस्व अधिकारों की रक्षा और पालन कराने के लिए डब्ल्यूसीए काफी गंभीर है।

डब्ल्यूसीए से जुड़े 20 में से 15 शीर्ष देशों (भारत और पाकिस्तान इसमें शामिल नहीं हैं, क्योंकि उनके यहां खिलाड़ियों का संगठन नहीं है) के लगभग 600 खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, वैश्विक खिलाड़ियों के संगठन ने उन्हें चेतावनी दी कि वे आईसीसी या सदस्य बोर्डों से मोबाइल गेम को लेकर किसी भी अधिकार पर बातचीत न करें। 12 अगस्त को खिलाड़ियों को लिखे ईमेल में, जिसे ईएसपीएन क्रिकइंफो ने देखा है, डब्ल्यूसीए के सीईओ टॉम मोफ़ैट ने कहा, "आईसीसी /राष्ट्रीय संस्थाएं आपके नाम, छवि और समानता पर आधारित एक वैश्विक मोबाइल गेम विकसित करने की कोशिश कर रही हैं, बिना खिलाड़ियों से सामूहिक रूप से शर्तें तय किए।"

"संक्षेप में कहें, तो ऐसा लगता है कि आईसीसी वैश्विक स्तर पर आपके अधिकारों का इस्तेमाल और बिक्री करना चाहता है और नहीं चाहता कि आप और आपके साथी सामूहिक रूप से यह तय करें कि आपके अधिकारों का इस्तेमाल कैसे होगा और उसके लिए आपको भुगतान कैसे मिलेगा।" डब्ल्यूसीए ने इस मामले पर आईसीसी से भी संवाद किया है।

मोफ़ैट ने खिलाड़ियों से कहा कि आईसीसी दरअसल उस समझौते का उल्लंघन कर रहा है जो उसने डब्ल्यूसीए के साथ किया था, जिसमें खिलाड़ियों की छवि का आईसीसी और उसके व्यावसायिक साझेदारों द्वारा अधिकृत इस्तेमाल शामिल था। यह दोनों संगठनों के बीच बार-बार उठने वाला मुद्दा रहा है।

# हांगकांग की आधी टीम 43 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटी

अबू धाबी, 9 सितंबर। अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच एशिया कप 2025 का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच से ही इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट की शुरुआत हुई है। कागजों पर भले ही अफगानिस्तान की टीम मजबूत नजर आ रही है, लेकिन हांगकांग की नजरें भी प्रभाव छोड़ने पर टिकी होंगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है और उसने 43 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए हैं। बाबर हयात हालांकि क्रीज पर टिके हुए हैं। हांगकांग ने पहले सलामी बल्लेबाज अंशुमान राथ का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद अजमातुल्लाह ने जीशान अली को आउट किया जो पांच रन



बनाकर पवेलियन लौटे। फिर निजाकत खान रन आउट हुए जो खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, कल्हान चल्लू भी चार रन बनाकर रन आउट हुए। बाबर ने किंचित शाह के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश की और दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 21 रन जोड़े, लेकिन नूर अहमद ने किंचित को आउट कर हांगकांग को एक और झटका दिया। किंचित छह रन बनाकर आउट हुए।सेदिकुल्लाह अटल (नाबाद 73 ) और अजमतउल्लाह ओमरजई (52) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की दम पर अफगानिस्तान ने मंगलवार को एशिया कप ठ्ुप बी पहले मैच में हांगकांग को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन ओमरजई और सेदिकुल्लाह ने शानदार बल्लेबाजी की जिससे टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

## एशिया कप में यूएई के खिलाफ भारत कोहली-रोहित युग के बाद करेगा आगाज

दुबई, 9 सितंबर। जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी - विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन - निडर बल्लेबाज़ी - के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

मुंबई, 9 सितम्बर। ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है।

पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के



लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियाँ बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पट्टियां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया।

हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं। चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं।

## पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी : मोर्कल

दुबई, 9 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।



मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियाँ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था। मोर्कल ने कहा, "हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे।" मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं।

स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलदीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है ।

## खिताब जीतने वाली टीम होगी मालामाल, हारने वाली टीमों को भी मिलेंगे करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, 9 सितंबर। एशिया कप 2025 का आगाज होने जा रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच खेला जाएगा। वहीं ये टूर्नामेंट कुल 8 टीमों के बीच 28 सितंबर तक खेला जाएगा। यूएई में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को इस बार टी20फॉर्मेट में खेला जाएगा। एशिया कप 2025 की विजेता टीम पर पैसों की बारिश होगी। साथ ही जो टीमें इसमें हार जाएंगी वो भी मालामाल होंगी।

**एशिया कप 2025 में मिलेंगे करोड़ों रुपये**

एशिया कप 2025 का खिताब जीतने वाली टीम को प्राइस मनी के रूप में 2.6 करोड़ यानी लगभग 310,000 यूएस डॉलर मिलेंगे। फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल होगी। रनरअप टीम की झोली में 155,000 डॉलर यानी 1.3 करोड़ रुपये आएंगे। प्लेयर ऑफ द सीरीज को 15,000 अमेरिकी डॉलर यानी 12.5 लाख रुपये मिलेंगे। जबकि फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने वाले खिलाड़ी को 5,000 अमेरिकी डॉलर यानी 4.1 लाख रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही स्मार्ट कैच ऑफ द मैच को 3000 अमेरिकी डॉलर यानी 2.5 लाख रुपये मिलेंगे। एशिया कप 2025 में 8 टीमों को चार-चार के दो ग्रुपों में बांटा गया है। भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई को ग्रुप-ए में रखा गया है। साथ ही अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका को ग्रुप-बी में जगह दी गई है। ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप की अन्य टीमों से एक-एक मैच खेलेगी। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-4 राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस राउंड में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले खेलेंगी। टॉप पर रहने वाली 2 टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।





## राज्य स्तरीय वीमेन टी-20 फाइनल में टीम-ए ने टीम एफ को 51 रनों से हरा जीती ट्रॉफी

जयपुर, 9 सितम्बर। फाइनल मैच आरसीए अकादमी पर दूधिया रोशनी में खेला गया . आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत व सदस्य पिंकेश पोरवाल ने फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में ट्विजेता व उपविजेता टीमो को प्रदान की ट्रॉफी। संयोजक डी डी कुमावत ने फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य की प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों के लिए वीमेन आरपीएल कराने की घोषणा करते हुए कहा की राज्य की युवा महिला खिलाड़ियों में है शानदार प्रतिभा, केवल उन्हें उच्च स्तरीय खेल प्रतियोगिता व मंच दिलाने की है आवश्यकता।

## रामेश्वरम क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 9 सितम्बर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में वर्धमान क्रिकेट अकादमी 28 ओवर में 63 रन पर ऑल आउट हो गई। शशांक जैन ने सर्वाधिक 41 रनों का योगदान दिया! रामेश्वरम क्रिकेट अकादमी की ओर से हिमांशु ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामेश्वरम क्रिकेट अकादमी ने 5 ओवर में 64 रन एक विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। प्रियांशु यादव ने सर्वाधिक 48 नाबाद रनों का योगदान दिया ! वर्धमान क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच प्रियांशु यादव को चुना गया।

## फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

जेनेवा, 9 सितंबर। फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फ़ुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विजेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा, "जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फ़ुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।" विजेता टीमें राउंड 2 में आगे बढ़ेंगी जहां उनका सामना सीएएफ महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन से होगा, जिसका ताज नवंबर में पहनाया जाएगा। यह मैच दिसंबर में एक ऐसे स्थान पर आयोजित किया जाएगा जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। फीफा ने आगे कहा कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण, जिसमें सेमीफाइनल, तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ और फाइनल शामिल है, में दुनिया की चार सबसे मजबूत महिला क्लब एक केंद्रीकृत स्थान पर भिड़ेंगी।

## निखत जरीन और जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में, पदक से एक जीत दूर

लिवरपूल, 9 सितंबर। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली। 29 वर्षीय निखत को शुरुआती दौर में जापानी मुक्केबाज़ से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन इस साल अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही इस भारतीय मुक्केबाज को कोई रोक नहीं सका। वास्तव में, निखत की लय तोड़ने की कोशिश में जापानी मुक्केबाज को ज़्यादा क्लिंचिंग के लिए दो पेनल्टी पॉइंट भी मिले। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुकाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5:0 का स्कोर बनाया।

## सीएएफए नेशंस कप 2025 में ओमान को हराकर भारत ने जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली, 9 सितंबर। सोमवार को खेले गए काफा नेशंस कप 2025 मुकाबले में भारत ने ओमान को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराकर सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया है। भारत ने पश्चिम एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी को इतिहास में पहली बार हराया है। भारतीय टीम ने किसी इंटरनेशनल फुटबॉल मैच में ओमान को पहली बार हराया है। नियमित और अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था जिसके बाद नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लिया गया। पहले हाफ में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। 55वें मिनट में यहमादी ने ओमान की ओर से गोल किया था। 80वें मिनट में भारत ने उंदाता सिंह के गोल की मदद से बराबरी हासिल कर ली। इससे पहले शूट आउट में बेहतर रैंकिंग वाली टीम ओमान ने अपने शुरुआती दो मौके गंवा दिए जबकि गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अंतिम पेनल्टी को रोककर तीसरे-चौथे स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित की।

## पाक गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची, 9 सितंबर। उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमशः 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था।

# राज्य स्तरीय अंडर-19 ट्रॉफी : रजत बघेल का दोहरा शतक, सूर्यवर्धन की शतकीय पारी

जयपुर, 9 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 19 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेल गए मैचों का परिणाम व स्कोर :- नारायणा ग्राउंड झुंझुनू - बीकानेर (बीकानेर 4 विकेट से जीती), झुंझनू पारी 123 आल आउट। टीम के लिए गोविन्द सिंह 44 व ऋषभदेव 29 रन, बीकानेर के गेंदबाज गुरमान सिंह 30/5 व रोहित 21 /3 विकेट। बीकानेर पारी 127/6, टीम के लिए विनोद कुमावत 51 रन, झुंझनू के गेंदबाज मो इरफ़ान 29/3 विकेट।

सोनी ग्राउंड चूरू - नागौर ( नागौर 8 विकेट से जीती)

चूरू पारी 151 आल आउट। टीम के लिए मनीष बिरदा 41 रन। नागौर के गेंदबाज हरीश 28/3, ललित, पंकज प्रत्येक 2 -2 विकेट। नागौर पारी 155/2, टीम के लिए ललित शेरावत 50, विहान जैन 50 व वरुण 31 रन।

पी एस ग्राउंड भीलवाड़ा - बूंदी (भीलवाड़ा 202 रनो से जीती), भीलवाड़ा पारी 372/6, टीम के लिए सूर्य वर्धन 135, कुशाग्र 62 व जयवर्धन 60 रन। बूंदी की गेंदबाज रोहित कुमार 35 /2 विकेट

बूंदी पारी 170 आल आउट। टीम के लिए निशांत 40, नील 37 व प्रयांशु 30 रन। भीलवाड़ा के गेंदबाज महेंद्र रावत 50/5, चिराग सुखवाल 20/4 विकेट।



सवाई मान सिंह स्टेडियम दौसा - जयपुर (जयपुर 10 विकेट से जीती), दौसा पारी 116 आल आउट। टीम के लिए लीलाधर 43 रन। जयपुर के गेंदबाज प्रखर शर्मा 22 /5, पर्व झालानी 20 /2 विकेट। जयपुर पारी 120/0, टीम के लिए वरुण गुप्ता नाबाद 57 व शिफॉन खान नाबाद 50 रन।

जी आर ग्राउंड अजमेर - जालोर (अजमेर 18 रन से जीता), अजमेर पारी 132 आल आउट। टीम के लिए कविश 50 रन। जालोर के गेंदबाज अभय राज 16/3, मनीष कुमार 20 /3 व जय वैष्णव 33/2 विकेट। जालोर पारी 114 आल आउट। टीम के लिए दीपक 33 व आर्यमन शर्मा 22 रन। अजमेर के गेंदबाज पलांश चतुर्वेदी 25/4, लखन गुर्जर 13/3 विकेट।

अनन्तम ग्राउंड धौलपुर - प्रतापगढ़ (धौलपुर 335 रनो से जीती), धौलपुर पारी 384/5, टीम के लिए रजत बघेल ने शानदार आतिशी दोहरा शतक लगाया। रजत बघेल 227 रन ( 165 गेंद, 15 चौक्के व 17 छक्के ), देवांश 58 व दर्शील 47 रन

प्रतापगढ़ के गेंदबाज शरीफ खान 65/2 विकेट, प्रतापगढ़ पारी 49 आल आउट। धौलपुर के गेंदबाज दिव्यांशु मितवार 10/6 व हर्ष सिंह 18/3 विकेट। सोलफील ग्राउंड चित्तौड़गढ़ - सिरोही (चित्तौड़गढ़ 73 रन से जीती), चित्तौड़गढ़ पारी 174 आल आउट। टीम के लिए प्रवेश 30 व रामचंद्र 28 रन। सिरोही के गेंदबाज कीर्तन सिंह 26/3, आकाश, दिव्यम 2-2 विकेट। सिरोही पारी 101 आल आउट। टीम के लिए राहुल 28 व मनीष 20 रन। चित्तोड़गढ़ के गेंदबाज वंश 12/3 व यश वैष्णव 29/3 विकेट।

ए आर ग्राउंड बांसवाड़ा - सवाईमाधोपुर (सवाई माधोपुर 9 विकेट से जीती), बांसवाड़ा पारी 100 आल आउट। टीम के लिए प्रिंस 38 रन। सवाईमाधोपुर के गेंदबाज कृष्ण कुमार 15/3, शाहिद 16/2 व नमन शर्मा 19/2 विकेट। सवाईमाधोपुर पारी 104/1, टीम के लिए कृष्ण कुमार 35 व रक्षित 31 रन। लक्ष्य ग्राउंड अलवर - राजसमंद (राजसमंद 7 विकेट से जीती), अलवर पारी 132 आल आउट। टीम के लिए दीपेश 42 रन। राजसमंद के गेंदबाज भारत 30 /3, नकुल 48 /3 व अरविन्द 15/2, राजसमंद पारी 134/3, टीम के लिए जीतेन्द्र 48, राहुल 38 रन ।

के एल सैनी स्टेडियम कोटा - झालावाड़ (कोटा 31 रन से जीती), कोटा पारी 216 आल आउट। टीम के लिए आराध्य 41 व ऋतिक 40 रन, झालवाड़ के गेंदबाज नावेद 38 /3, रेहान, चंद्रप्रकाश व मोहिन प्रत्येक 2 -2 विकेट। झालावाड़ पारी 185 आल आउट। टीम के लिए अशद 55, मनीष 29 व दिव्यांशु शर्मा 23 रन। कोटा के गेंदबाज अमन प्रजापति 51 /3, एकांश शर्मा 15/2, आशीष 34 /2 व दिनेश भट 43/2 विकेट।

## हैदराबाद ने बुचीबाबू क्रिकेट खिताब बरकरार रखा

चेन्नई, 9 सितंबर। मध्यक्रम के बल्लेबाज वरुण गौड़ के समय पर लगाए गए। नाबाद अर्धशतक की बदौलत, मौजूदा चैंपियन हैदराबाद ने अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। फाइनल मुकाबले के आखिरी दिन टीएनसीए अध्यक्ष एकादश के खिलाफ पहली पारी में 23 रनों की बढ़त के आधार पर हैदराबाद ने खिताब बरकरार रखा। यह मुकाबला आज ड्रॉ पर समाप्त हुआ। जैसे-जैसे अंतिम दिन का खेल आगे बढ़ा, हैदराबाद ने अपनी पकड़ बनाए रखी और घरेलू टीम की खिताब जीतने की किसी भी संभावना को भुनाने के लिए शुरुआती झटके देने की जरूरत थी। घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जल्दी-जल्दी पांच विकेट चटकाए, जिसके बाद वरुण हैदराबाद के लिए संकटमोचक बनकर उभरे। 10 ओवर में एक विकेट पर 14 रन और 37 रनों की कुल बढ़त के साथ हैदराबाद ने 29.4 ओवर में 70 रन पर पांच विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद वरुण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को संभाला। उन्होंने मैच का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा, जो पहली पारी में उनके 67 रनों के बाद और भी ज्यादा महत्वपूर्ण था। स्पिनर पी विद्युत और हेमचुदेशन के शानदार प्रदर्शन से घरेलू मैदान पर संभावित जीत की संभावनाएं बढ़ गईं।



## चिंकारा पोलो कप (6 गोल) जयपुर और कांग्निवेरा पोलो टीमें जीती

जयपुर, 9 सितम्बर। कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर आज दो पोलो मैच खेले गए। पहला मैच जयपुर टीम ओर गोहिलवर्ड के बीच खेला गया जिसमें जयपुर ने गोहिलवर्ड को 3 के मुकाबले 8 गोल से हराया। जयपुर टीम की ओर से लांस वाटसन और धनखड़ ने 2-2 गोल, अंगद कलान ने अपनी टीम के लिए 4 गोल किए। वहीं गोहिलवर्ड की ओर से प्रणव कपूर ने 2 ओर जयवीर सिंह गोहिल ने 1 गोल किया दूसरा मैच वी पोलो टीम ओर कांग्निवेरा के बीच खेला गया जिसमें कांग्निवेरा ने वी पोलो टीम को 4 के मुकाबले 9 गोल से हराया। कांग्निवेरा टीम की ओर से आर्यमन और साबिर गोदारा ने 1-1 गोल, शमशीर अली ने 2, बतिस्ता ने अपनी टीम के लिए 5 गोल किए। वहीं वी पोलो की ओर से मुकेश सिंह और गंजोला ने 1-1 गोल, सलीम आज़मी ने 2 गोल किए पर अपनी हार टाल नहीं सके।